हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 28 .0 डिग्री से.

10 वेदांता स्कूल की वॉलीबॉल टीम का ब्लॉक स्तर पर...



10 उतना ही लो थाली में, व्यर्थ ना जाए नाली में ....



## खबर संक्षेप

### बैंक मैनेजर को लगाया ₹1.34 लाख का चूना

जींद। साइबर ठगों ने बैंक मैनेजर को दूसरे बैंक के क्रेडिट का वेरीफिकेशन लिंक भेज कर एक लाख 34 हजार 577 हजार का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी अशीष ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह पीएनबी बैंक में बतौर मैनेजर डयूटीरत है। गत 21 जुलाई को उसके फोन पर कॉल आई। जिसने बताया कि एचएसबीसी बैंक की तरफ से बात कर रहे हैं।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत, केस

अलेवा। बिघाना-बाहरी लिंक मार्ग पर बुधवार देर शाम बाहरी की तरफ से आए एक बाइक चालक ने पैदल सैर कर घर जा रहे बिघाना निवासी लगभग 32 वर्षीय युवक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद युवक सड़क पर गिरकर गंभीर तौर से घायल हो गया। परिजनों द्वारा गंभीर तौर से घायल युवक को उपचार के लिए असंध के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

कैथल। कैथल की एक कालोनी निवासी की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना सिविल लाइन पुलिस की लेडी एचसी कुलदीप कौर द्वारा पीड़िता के पति डिफैंस कालोनी अंबाला कैंट निवासी अजय को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 2023 को अजय उपरोक्त के साथ हुई थी। शिकायतकर्ता के परिवार जनो द्वारा उसकी शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन उसके ससुरालजन उसे दान दहेज से खुश नहीं थे।

### पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

कैथल। थाना सदर क्षेत्र के गांव उझाना में घरेलू विवाद के चलते महिला की हत्या के मामले में थाना सदर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पानीपत जिले के गांव जलालपुर निवासी निवेश की शिकायत अनुसार उसकी बहन पुनम की शादी करीब 20 वर्ष पूर्व गांव उझाना निवासी सतीश उर्फ मौजी के साथ हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार पिछले काफी समय से पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था।

### रोड पर गिरे बिजली के खंभे, बड़ा हादसा टला

पाई। पाई से पिलनी जाने वाली मुख्य सड़क पर अचानक बिजली के 4-5 खंभे भरभराकर गिर गए। इस हादसे के बाद मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि खंभे गिरते समय वहां से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया और जनहानि टल गई। ग्रामीण विकास, संजय महावीर रामकुमार आदि ने बताया कि बिजली के खंभे मुख्य सड़क पर गिरने के कारण आसपास के ग्रामीण इलाकों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।

### चाय पत्ती डील के नाम पर ठगी के आरोपी काबू

कैथल। एक तरफ जहां जिला पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाव बारे जागरूक किया जा रहा है, वहीं एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में साइबर ठगो पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम ने 1.37 लाख की साइबर ठगी मामले में 3 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों ने फर्जी ट्रेडिंग फर्म का झांसा देकर चाय पत्ती का व्यापार करने के इच्छुक व्यक्ति से लाखों रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-19 हुड्डा, कैथल निवासी रवि प्रकाश ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

## कलायत ब्लॉक समिति चेयरपर्सन ज्योति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास

### पंचायती राज आम चुनाव के बाद भाजपा ने जजपा को करारी शिकस्त देते हुए ज्योति के सिर सजाया था चौधर का ताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में वीरवार को ब्लाक समिति चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी के खिलाफ कुल 22 में से 20 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पास किया। ज्योति बढ़सीकरी भाजपा की बालू मंडल की पूर्व उपाध्यक्ष हैं। जबकि जो समिति सदस्य सदन में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए वे अधिकांश भाजपा समर्थक हैं। इस तरह भाजपा के सदस्य समिति की राजनीति में एक-दूसरे के खिलाफ पक्ष-विपक्ष की भूमिका में दिखे। बैठक में ज्योति बढ़सीकरी व कविता खरक गैर हाजिर रही। इस दौरान जिला अतिरिक्त उपायुक्त सुशील मलिक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के 20



कलायत। ब्लाक समिति चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आने वाले समिति सदस्य।

सदस्य हाजिर हुए। शांति पूर्वक मतदान के बाद चेयरपर्सन का पद रिक्त हो गया। समिति के आम चुनाव के करीब 15 माह शेष हैं। इसके चलते नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को बल मिलना तय है। चेयरपर्सन का पद अनुसूचित वर्ग की महिला के लिए आरक्षित है। सदन में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आने वाले समिति सदस्यों ने काह कि 5 जुलाई को 21 सदस्यों ने

#### ग्रामीण विकास को दी नई दिशा: ज्योति

पूर्व चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में ग्रामीण विकास को लेकर अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए हैं। इसका प्रमाण ब्लाक समिति के माध्यम से खर्च हुआ बजट है। उन्होंने भेदभाव के सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया।

ज्योति बढ़सीकरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए शपथ दिए थे। तभी से सदस्य चेयरपर्सन को पद से हटाने की जोड़तोड़ में लगे थे। सदस्यों का आरोप है कि ज्योति बढ़सीकरी ने समय में सभी वार्डों में बराबर काम नहीं हुए। वे अपनी राजनीति चमकाने के ही चक्कर में रही। इससे सभी वार्डों के प्रतिनिधियों में रोष बढ़ता गया। आखिरकार स्थिति अविश्वास प्रस्ताव की पैदा हुई। जिस ब्लाक समिति चेयरपर्सन ज्योति बढ़सीकरी को कुर्सी से हटाया गया उसे सत्ता पक्ष का समर्थन प्राप्त था। इसके उपरांत भी समिति सदस्यों के बीच किसी तरह का सुलह नहीं हो पाया। इस बदलाव के बाद सबसे बड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या स्थानीय राजनीति में भाजपा की अंदरूनी खींचतान के कारण हाईकमान को विषय के प्रति गंभीर होने की जरूरत है। जिला अतिरिक्त उपायुक्त सुशील मलिक ने बताया की कलायत ब्लाक समिति में कुल 22 सदस्य हैं। अविश्वास प्रस्ताव पास होने के लिए 15 मतों की आवश्यकता थी। ज्योति बढ़सीकरी के खिलाफ 22 में से 20 सदस्यों ने अपना मत दिया है जिसके चलते अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पास हो गया। अविश्वास प्रस्ताव से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को नियम अनुसार पूरा किया गया है। इसकी रिपोर्ट शीर्ष अधिकारियों को प्रेषित की गई है। इस बार जब पंचायती राज आम चुनाव हुए तो भाजपा व जजपा गठबंधन की हरियाणा में सरकार थी। लेकिन कलायत ब्लाक समिति चेयरपर्सन पद को लेकर भाजपा व जजपा अलग-अलग खेमों में विभाजित हो गई। भाजपा का टारगेट ज्योति बढ़सीकरी के सिर पर चेयरपर्सन का ताज सजाना रहा। जबकि जजपा चेयरपर्सन की कुर्सी पर सुमित्रा कौलेखां को देखना चाहती थी। लंबे समय तक पद को लेकर चली खींचतान में विजय श्री भाजपा को मिली और ज्योति को चेयरपर्सन की कमान मिली। लेकिन वर्तमान में बाजी पलट गई और भाजपा की चेयरपर्सन के हाथ से कुर्सी चली गई।

### केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जताया रोष

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

#### शांतिपूर्ण आंदोलन पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता के विरोध में वीरवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र संगठन इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट, एनएसयूआई, किसान छात्र एकता संगठन और इनसो तथा एसएफआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद छात्र संगठनों ने डीसी कार्यालय के बाहर प्रतीकात्मक रूप से एक मटका फोड़ा। जिस पर मोदी के पाप का घड़ा भर गया लिखा हुआ था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने और शांतिपूर्ण आंदोलन पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। छात्र नेता सुमित लाठर ने कहा कि देश के युवाओं की लोकतांत्रिक आवाज को दबाया नहीं जा सकता है और छात्र अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। आंचल ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह बेहद निंदनीय है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अमित ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। छात्रों पर



जींद। जींद में प्रदर्शन करते छात्र। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

कहा कि दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए नरवाना के युवाओं ने यह प्रदर्शन किया है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नीट 2026 पेपर लीक मामले की जांच और उससे जुड़े आरोपों ने देशभर में छात्रों के बीच व्यापक चिंता पैदा की है। जींद प्रदर्शन में अक्षय नरवाल, रविंद्र ढुल, नवरतन माथुर, प्रवेश लाठर, अजमेर रेढू, सचिन जैस्ट, अनंत, सावन सहित अनेक छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बल प्रयोग किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। जयदीप सिंधु ने कहा कि छात्र एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। अंकित सिहाग ने कहा कि छात्र संगठनों की यह एकता युवाओं के हितों की रक्षा के लिए आगे भी जारी रहेगी। अक्षय ने कहा कि छात्र समाज के मुद्दों पर हमेशा सक्रिय रहेंगे और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे। उधर नरवाना में भी युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। छात्र नेता अभिषेक नैन ने कहा कि छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार होना चाहिए और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।



जींद। नरवाना में नारेबाजी करते छात्र। फोटो :हरिभूमि

#### ज्ञापन देकर लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

कैथल। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए बल प्रयोग के विरोध में वीरवार को कैथल में युवा संगठनों ने प्रदर्शन किया। बाद में मांगों का ज्ञापन एसडीएम डा. संजय कुमार को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से युवाओं ने लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच व छात्रों की मांगों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल क्रांतिकारी युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष गुरदीप ढांडा, राम कुमार बंसल, सुखविंद्र सिंह, बलविंद्र सिंह, मनोज कुमार व जगमग मटौर ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से आए छात्र दिल्ली के जंतर-मंतर पर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों की मुख्य मांग नीट परीक्षा में पेपर लीक एवं परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा मामले में जवाबदेही तय किए जाने की है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि छात्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे अथवा शिक्षा मंत्रालय में आवश्यक परिवर्तन की मांग भी उठा रहे हैं। नीट परीक्षा से जुड़े पेपर लीक प्रकरण की पूर्ण पारदर्शिता के साथ जांच कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए।

लोकतंत्र में विरोध और अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। वहीं सुखदेव उझाना प्रदेश सचिव एनएसयूआई हरियाणा ने कहा कि लाखों मेहनती विद्यार्थियों के सपनों के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।





जींद। न्यायालय परिसर में वर्क सस्पेंड पर बैठे अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों पर लाठी चार्ज के विरोध में जींद बार एसो. ने रखा वर्क सस्पेंड

- छात्र व छात्राओं पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में वीरवार जिला बार एसो.ने वर्क सस्पेंड रखा। विरोध स्वरूप अधिवक्ता अदालतों से संबंधित कामकाज का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं के अदालत में पेश न होने के कारण अगली तारिख दे दी गई। अधिवक्ताओं द्वारा वर्क सस्पेंड किए जाने के कारण अदालती कामकाज से सिलसिले में आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला बार एसो. की एडहॉक कमेटी के आह्वान पर वीरवार को अधिवक्ताओं ने वीरवार को वर्क सस्पेंड रखा। एडहॉक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि पिछले दिनों छात्र नीट परीक्षा का पेपर लिक हो गया था। इसी प्रकार अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटना भी अक्सर सामने आती रहती हैं। छात्र दिल्ली के जंतर-मंतर पेपर लीकेज के विरोध में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते हुए संसद की तरफ कूच कर रहे थे। उसी दौरान छात्र व छात्राओं पर लाठी चार्ज किया गया। आंसू गैस के गोले दागे गए। प्रदर्शन में शामिल छात्राओं के साथ बदसलूकी की गई। जो अभिव्यक्ति की आजादी पर कुठाराघात है। लोकतंत्र में अपनी बात रखने का हर किसी को हक है। छात्र हर बार हो रहे पेपर लीक की जवाबदेही मांगते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। स्वच्छ लोकतंत्र में पारदर्शिता यह होती है कि संबंधित विभाग के मंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें। छात्रों से बातचीत करने की बजाया उन पर बल का प्रयोग किया गया। जोकि शर्मनाक घटना है और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। जिला बार एडहॉक कमेटी दिल्ली जतर मतर पर धरना दे रहे छात्रों पर बल प्रयोग करने की निंदा करती है। सरकार को चाहिए की वह छात्रों के साथ बातचीत करे। इसी घटना के विरोध में वर्क सस्पेंड किया गया है।

## आज फिर से ट्रायल पर जाएगी हाइड्रोजन ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गत 17 जुलाई को उद्घाटन के बाद हाइड्रोजन ट्रेन शुक्रवार को फिर से ट्रायल पर जाएगी। ट्रेन का पानीपत रूट पर ट्रायल हो सकता है। ट्रायल देखते लखनऊ से आरडब्ल्यूएस टीम भी आ सकती है। 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जींद पहुंच कर हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। पहले दिन 200 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने स्पेशल पास पर सफर किया था। 18 को ट्रेन मरम्मत के लिए दिल्ली शकूरबस्ती भेजी गई थी। इसके बाद 19 जुलाई को हाइड्रोजन ट्रेन का यात्रियों के लिए नियमित रूप से संचालन शुरू हो गया था। पहले दो दिन जहां यात्रियों की संख्या 20-20 रही थी। वहीं इसके बाद यात्रियों की संख्या 30 से 40 के बीच में रही है। हालांकि रेलवे ने जो शेड्यूल जारी किया थाए उसमें शुक्रवार को ट्रेन का संचालन बंद रखा गया है और मरम्मत के लिए शकूरबस्ती भेजी जाने की योजना है।

### फोन हैक कर खाते से उड़ाए 1.96 लाख रुपये

जींद। साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के फोन को हैक कर उसके खाते से एक लाख 96 हजार रुपये निकाल लिए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत 21 जुलाई को कैथल से अपने घर आ रहा था। रास्ते में फोन की स्क्रीन अपने आप ऑफ होने लगी। काफी समय तक कोशिश के बाद फोन ऑन होकर चालू हुआ। पूर्व में 20 जुलाई को भी उसी प्रकार फोन की स्क्रीन आप ऑफ हो गई थी। जिसे गंभीरता से नही लिया था। शक होने पर उसने बैंक खाते को जांचा तो 20 जुलाई को खाते से 98 हजार तथा 21 जुलाई को भी 98 हजार रुपये निकाले गए थे।

## विकसित हो रही अवैध कालोनियों पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला नगर योजनाकार कार्यालय व ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नगर परिषद के ईओ संदीप सोलंकी के पूरे अमले द्वारा पट्टी गादड़ में चार एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाया। जिला नगर योजनाकार प्रवीण ने बताया कि पट्टी गादड़ में चार एकड़ में बिना अनुमति के अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। यह मामला विभाग के संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके कॉलोनी विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा न तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी का निर्माण रोका और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति ली। पीला पंजा चलाने के साथ-साथ अवैध कालोनी विकसित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। जिला नगर योजनाकार प्रवीण ने बताया कि आम लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वह सस्ते प्लाट के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आए और न ही अवैध कालोनियों में प्लाट खरीदें। मकान खरीदने से पहले जिला योजनाकार कार्यालय से पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में प्लाट आदि खरीदता है तो उसके विरूद्ध भी कार्यालय द्वारा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसमें 50 हजार रुपए तक का जुर्माना व तीन साल की सजा प्रावधान है।

#### अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान चलाया

जींद। डीटीपी मनीष दहिया ने बताया कि जिला प्रशासन ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र उचाना में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। यह कार्रवाई पुलिस विभाग के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से की गई।इस दौरान थाना प्रभारी एचएसईएनबी तथा थाना प्रभारी उचाना सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कुल पांच अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई की गई। इनमें इंडियन होटल के सामने स्थित तीन एकड़, किसान सदन के साथ स्थित 2.5 एकड़, शिवानिया स्कूल के सामने स्थित पांच एकड़, 33 केवी बिजली सब स्टेशन के सामने स्थित एक एकड़ तथा शिवानिया स्कूल के साथ स्थित चार एकड़ क्षेत्र में विकसित की गई अवैध कॉलोनियां शामिल हैं।

### बसों में सभी मानक पूरे होने पर नहीं किया चालान, आगे भी जारी रहेगा अभियान

## टीम ने तीन स्कूलों की 18 बसों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दो सप्ताह बाद गुरूवार को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय की टीम द्वारा तीन स्कूलों की 18 बसों की जांच की गई। हलांकि बसों में सभी मानक पूरे होने के चलते कोई चालान नहीं किया गया। जबकि 16 जुलाई को प्रधानमंत्री के जींद आगमन कार्यक्रम के चलते बसों का जांच अभियान नहीं हो पाया गया। जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों की ड्यूटी प्रधानमंत्री कार्यक्रम में लगी थी। वहीं नौ जुलाई को पांच एंबुलेंस की



जींद। स्कूल बसों की जांच करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

पासिंग की गई थी। वहीं इससे पहले दो जुलाई को बसों की जांच का अभियान हुआ था। इस दौरान दो स्कूलों में 35 बसों की जांच हुई थी। उस दौरान भी सभी मानक पूरे होने के चलते कोई चालान नहीं किया गया। बता दें कि सप्ताह में हर वीरवार को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से इंस्पेक्टर एमवीआइ, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है, जिसमें रिफ्लेक्टर फायर सिलिंडर सहित चालक व परिचालकों के लाइसेंस की जांच की जाती है।

#### सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया करवाना उद्देश्य

जिले में 350 से ज्यादा निजी स्कूल हैं। इसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय के इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि स्कूली बसों की जांच के लिए हर वीरवार को अभियान चलाया जाता है। दो सप्ताह के बाद फिर से अभियान शुरू किया गया है। जांच के दौरान जो-जो कमियां पाई जाती हैं, उस आधार पर बसों का चालान किया जाता है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बसों की जांच कर विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया करवाना है।

## सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे को एसडीएम ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

मानवता और संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए एसडीएम मनीष कुमार यादव ने सड़क दुर्घटना में घायल एक बच्चे को अपनी सरकारी गाड़ी से तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाकर समय पर उपचार उपलब्ध कराया। एसडीएम अपने निर्धारित कार्यक्रम के दौरान चीका शहर से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर हुई एक दुर्घटना में एक बच्चा घायल हो गया। घटना को देखते ही एसडीएम ने बिना देर किए सरकारी गाड़ी रुकवाई और घायल बच्चे को स्वयं अस्पताल भिजवाया, ताकि उसे शीघ्र चिकित्सा सहायता मिल सके। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्चे का तत्काल उपचार शुरू किया। एसडीएम ने अस्पताल प्रशासन को घायल बच्चे के समुचित उपचार के निर्देश दिए तथा उसके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। इस मानवीय पहल की मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता से घायल बच्चे को समय पर उपचार मिल सका, जिससे एक सकारात्मक संदेश समाज में गया। एसडीएम ने नागरिकों को आह्वान किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो।

**खबर संक्षेप**

### कारगिल विजय दिवस पर होंगी प्रतियोगिताएं

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सेवा भावना का संचार करते हुए कारगिल के अमर शहीदों के अद्वितीय साहस और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करना था।

### जींद: विकसित हो रही अनधिकृत कॉलोनियां

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि जिला के सफीदों, उचाना एवं नरवाना शहरी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बिना विभागीय लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी के अनधिकृत कॉलोनियां विकसित किए जाने की जानकारी विभाग के संज्ञान में आई है। ऐसे मामलों में विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। बताया कि शहरी क्षेत्र सफीदों के राजस्व एस्टेट सफीदों में खसरा नंबर 23//19/3, 20/2, 21, 22/1, 34//1, 2/1, 10 मिन, 11/1 मिन, 35//6/2 तथा 15/1ए इसी प्रकार तहसील उचाना में खसरा नंबर 7//15 मिन, 16, 8//11, 12 मिन, 18 मिन, 19 मिन एवं 20 मिन से संबंधित भूमि पर अनधिकृत कॉलोनियां विकसित किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

### ब्लॉक स्तरीय खेलों में कनिका रही प्रथम

**जींद।** ब्लॉक स्तरीय खेलों के आयोजन में एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिमाना की 12वीं कक्षा की छात्रा कनिका ने अपने भार वर्ग में ब्लॉक स्तरीय खेलों में जींद ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल किया। इस छात्रा ने 61 किलो भार में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल की। स्कूल प्रबंधक सत्यवान नेहरा व प्राचार्य पृथ्वी सिंह ने छात्रा को आशीर्वाद दिया तथा ऐसे ही अच्छा खेलते हुए नेशनल लेवल तक अपनी जीत कर्ज करने के लिए कठोर परिश्रम करने की सलाह दी।

### छलकपट करने से घटता है तपोबल

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक राम निवास अहिरका ने दादा खेड़ा पर पूजा अर्चना के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छल कपट करने से तपोबल घटता है। महाभारत युद्ध में द्रोणाचार्य दिव्यास्त्रों से पांडव सेना का संहार कर रहे थे। इससे बड़े-बड़े महारथी भी चिंतित थे। हर व्यक्ति की तरह द्रोणाचार्य में भी एक कमी थी कि वे कोई भी अप्रिय समाचार सुनाई पड़ते ही ध्यानस्थ हो जाते थे। श्री कृष्ण ने यह रहस्य भीम को बताया और भीम द्रोण पुत्र अश्वत्थामा से युद्ध करने लगा।

### शिकायतकर्ता को समय पर दें राहत: एसडीएम

**जींद।** एसडीएम होशियार सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनकल्याणकारी पहल है जिसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए।

### कम्युनिकेशन स्किल पर प्रेरणादायक सेमिनार

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद द्वारा व्यक्तित्व विकास व कम्युनिकेशन स्किल विषय पर प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया नेतृत्व क्षमता एवं करियर निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मुख्य प्रबंधक वजीर ढांडा रहे। विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं प्रभावी संचार कौशल के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया।

## विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में दिखाएंगे प्रतिभा

# वेदांता स्कूल की वॉलीबॉल टीम का ब्लॉक स्तर पर रहा दबदबा

### अंडर-17 व 19 में स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


**नरवाना।** विजयी टीम के साथ प्रबंधक समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, कलौदा खुर्द ने एक बार फिर ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते जीत का परचम लहराया। विद्यालय की अंडर-17 एवं अंडर-19 वॉलीबॉल टीमों ने स्वर्ण पदक जीतकर ब्लॉक चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही अंडर-17 शतरंज टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं विद्यालय की होनहार छात्रा मेहक ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में वेदांता की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अंडर-17 टीम ने जीएसएसएस सुलेहरा को 25-12 एवं 25-15 के सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-19 टीम ने एस डी मॉडल स्कूल को 25-18 एवं 25-14 के स्कोर से पराजित कर ब्लॉक चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या वीना डारा ने प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विजेता खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करते हुए पूरी विद्यालय परिवार की ओर से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का विकास करती हैं तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनती हैं। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम एवं प्रशिक्षकों के समर्पण को दिया। निदेशक ने विशेष रूप से डीपीई एवं वॉलीबॉल कोच सोनिया के अथक परिश्रम, नियमित अभ्यास, अनुशासित प्रशिक्षण एवं खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए विशेष प्रशंसा व्यक्त की। विद्यालय के चेयरमैन रवि श्योकंद ने विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते कहा कि वे जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी इसी जुनून और आत्मविश्वास के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें तथा स्वर्णिम सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अपने अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

#### उज्ज्वल भविष्य की कामना

बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए वॉलीबॉल अकादमी, फुटबॉल अकादमी, टेबल टेनिस अकादमी एवं कराटे अकादमी संचालित की जा रही हैं। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएँ और प्रतियोगितात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे विद्यार्थी ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# साढ़े 14 एकड़ में लगेंगे एक हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ अभियान का शुभारंभ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने किया

बड़ौदा-कसूहन मार्ग स्थित नगर पालिका के पूर्व प्रधान रामकुमार शर्मा के फार्म हाउस पर म्हारा हरा-भरा उचाना अभियान के तहत साढ़े 14 एकड़ भूमि में एक हजार पौधे लगाने के अभियान का शुभारंभ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने किया। यह पौधरोपण नगर पालिका के प्रथम प्रधान रहे स्वर्गीय रविदत्त शर्मा की स्मृति में किया गया। अध्यक्षता सुनील शर्मा ने की। साढ़े 14 एकड़ भूमि में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएंगे। मंच संचालक मा. रामप्रसाद ने किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पौधा मां के नाम अभियान की पूरे विश्व में चर्चा हो रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ के लिए आए थे और वहां आयोजित रैली भी इको-फ्रेंडली रही, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। विधायक ने कहा कि अनिल शर्मा के परिवार के साथ उनका वर्षों पुराना पारिवारिक संबंध है। राजनीतिक पार्टी अलग हो सकती हैं, लेकिन पारिवारिक रिश्ते हमेशा बने रहते हैं। साढ़े 14 एकड़ में लगाए जा रहे एक हजार पौधे अन्य किसानों और आमजन के लिए प्रेरणा बनेंगे तथा सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक-एक पौधा वितरित किया गया तथा पौधरोपण का संकल्प दिलाया गया। अनिल शर्मा ने कहा कि यदि पर्यावरण को बचाना है तो पौधरोपण को जनआंदोलन बनाना होगा। पेड़-पौधों की घटती संख्या चिंता का विषय है। अधिक पेड़ होंगे तो पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा।


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**जींद।** हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ जिला कार्यालय में वीरवार को भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से 72वां स्थापना दिवस मनाया। जिला मुख्य सलाहकार सतबीर बूरा, अध्यक्ष राम मेहर जांगड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। संघ के जिला मंत्री विनोद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को आजादी के प्रणेता बाल गंगाधर तिलक तथा महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के जन्म दिवस पर भोपाल में संघ के वरिष्ठ प्रचारक दतोपंत ठेंगड़ी द्वारा की गई थी। इस श्रम संगठन ने गैर राजनीतिक विचारधारा को मजबूत करते हुए उस समय के अन्य श्रम संगठनों के विचार, सोच, चाहे जो मजबूरी हो, मांग हमारी पूरी हो को अमान्य करते राष्ट्रवादी विचारधारा को ध्यान में रखते भारत माता की जय हो उद्घोष के साथ एक नई सोच नया विचार देश के श्रमिकों को दिया था।

### बाबा खाकनाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सीएम करेंगे शिरकत

**नरवाना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि 27 जुलाई को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव उझाना में प्रस्तावित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आगमन क्षेत्र के विकास को नई गति देगा। इस दिन सीएम उझाना में भण्डारा में शामिल होंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री हलकावासियों के लिए अनेक विकास कार्यों की घोषणा करेंगे। सीएम के आगमन से नरवाना के विकास के नए द्वार खुलेंगे। ग्रामीण विकास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शुमार है और सीएम के आगमन से इसका सीधा लाभ इलाकावासियों को मिलेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बुधवार को उझाना में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सीएम सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे।

### नीट परीक्षा में उत्तीर्ण रेणु सम्मानित

**नरवाना।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा द्वारा संचालित आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्रा रेणु पुत्री प्रकाश ने प्रतिष्ठित नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय ने मेधावी छात्रा का विद्यालय में सम्मान किया। प्राचार्या मीना गर्ग ने बताया कि रेणु ने नीट परीक्षा में 660 अंक प्राप्त कर 870 अखिल भारतीय व 271 कैटगरी रैंकिंग प्राप्त की। प्राचार्या ने बताया कि रेणु का आरंभ से ही लक्ष्य चिकित्सक बनने का था औरलक्ष्य की प्राप्ति कर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। छात्रा ने उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों व अध्यापिकाओं को दिया। उन्होंने कहा कि उनका चिकित्सा क्षेत्र में जाने का ध्येय केवल जनसेवा करना है। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि रेणु की इस उपलब्धि पर समूचे नरवाना को गर्व है। एक बच्चे की कडी मेहनत का लाभ पूरे क्षेत्र को मिलने वाला है।


रेणु को नीट की परीक्षा में 660 अंक प्राप्त करने पर सम्मानित करते प्रधान चंद्र कांत शर्मा।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर दिया विशेष बल

**जींद।** निपुण भारत मिशन एवं निपुण हरियाणा के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर वीरवार को उचाना खंड में ब्लॉक प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन यूनिट (बीपीआईयु) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश आर्य ने की। जबकि जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बैठक का अवलोकन करते हुए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों, क्लस्टर हेड, एबीआरसी, बीआरपी तथा अन्य शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के प्रारंभ में ब्लॉक कॉर्डिनेटर एफएलएन प्रवीण ने खंड में निपुण मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं अबतक की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

### इंटर्नशिप योजना का लाभ उठाने की अपील

**नरवाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नरवाना के प्राचार्य ओमपाल ने जिले के युवाओं से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत युवाओं को देश की शीर्ष कंपनियों में छह से 12 माह तक इंटर्नशिप, प्रति माह नौ हजार की वित्तीय सहायता, छह हजार की एकमुश्त राशि तथा बीमा सुरक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं स्नातक उत्तीर्ण पात्र युवा आवेदन कर सकते हैं। यह योजना युवाओं को उद्योगों में वास्तविक कार्य अनुभव देकर रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगी। प्राचार्य ओमपाल ने कहा कि राजकीय आईटीआई नरवाना में विद्यार्थियों एवं पासआउट युवाओं को योजना से संबंधित मार्गदर्शन और आवेदन में सहयोग दिया जा रहा है।

### समाधान शिविर में डीसी सुनीं जन समस्याएं

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से निस्तारण किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी डा. वैशाली शर्मा ने नागरिकों की समस्याएं धैर्यपूर्वक और गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के साथ प्रत्येक मामले का शीघ्र एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए।


**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी।



**जींद।** बच्चों को जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

### बच्चों को किया डेंगू बुखार के प्रति जागरूक

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुलाना के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में स्वास्थ्य टीमों द्वारा स्कूली बच्चों को मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया बुखार के कारण, लक्षण व बचाव हेतु पूरी जानकारी दी। जुलाना मंडी में स्वास्थ्य सुपरवाइजर सत्यवीर सिंह, संदीप कुंडू द्वारा स्कूली बच्चों को डेंगू रोधी मुहिम का हिस्सा बनाने हेतु विशेष रूप से प्रेरित किया गया एवं सहयोग की अपील की गई। सीएचसी जुलाना के अंतर्गत जुलाना मंडी, पोली, ब्राह्मणवास, हथवाला, बूढ़ाखेड़ा लाठर गांव के स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाए गए एवं स्वास्थ्य टीमों ने बच्चों को समझाते हुए बताया कि जुलाई माह में बारिश में हर जगह पानी जमा हो जाता है। घर में रखे गमले, छत पर पड़े वेस्ट, नारियल खोल, कूलर में जमा पानी डेंगू मच्छर के लिए नर्सरी का कार्य कर रहा है।


एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए।

### एनीमिया के प्रति व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएं

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में एनीमिया, एचपीवी एवं टीबी समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में एसएमओ उझाना डॉ. संदीप ढांडा, डेंटल सर्जन एसडीएच नरवाना डा. कपिल शर्मा, डेंटल सर्जन पीएचसी धमतान साहिब डॉ. पंकज कालवन, आरबीएसके टीम के चिकित्सक डा. सविता, डॉ संदीप शर्मा, डा. अरुण एवं डा. प्रिंस, एलएचवी दनौदा एवं नरवाना, बीईओ कार्यालय, सीडीपीओ कार्यालय तथा बीडीपीओ कार्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक मे एसडीएम जगदीश चंद्र ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर एनीमिया के प्रति व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएं तथा पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# व्यापार मंडल जींद के पुनर्गठन से व्यापारियों की आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

करीब एक महीना हुआ है व्यापार मंडल जींद का पुनर्गठन हुए व्यापारियों के हितों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे महाबीर कंप्यूटर को प्रधान और कृष्ण लखीना महासचिव बनाया गया। इस दौरान व्यापारियों की अनेक गंभीर समस्याओं को लेकर प्रशासन से बैठकें हो चुकी हैं। डिप्टी स्पीकर से अनेक बैठकें हो चुकी हैं और व्यापारियों का एक सम्मेलन भी हो चुका है। जिसके कारण पहली बार सैंकड़ों व्यापारी पीएम की रैली में सम्मानपूर्वक हाजिर हुए। इसके अलावा एक बेहद अच्छी बात यह हो रही है कि प्रत्येक बाजार के दुकानदारों में संगठन बना व्यापार मंडल से जुडने की चर्चा होने लगी है और वो ऐसा कर भी रहे हैं। उसी कड़ी में अनेक नए संगठन व्यापार मंडल से जुड़ चुके है। रुपया चौक मार्केट एसोसिएशन का गठन हुआ है। जिसमें नीरज मिगलानी को प्रधान तथा संरक्षक सुशील जैन बनाए गए हैं। इसके साथ ही जनता बाजार, इंदिरा बाजार के सभी दुकानदार इक्कठे हुए हैं। ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रधान सुनील जिंदल बॉबी भी व्यापार मंडल के साथ जुड़ गए हैं।

#### दुकानदार संगठन से जुड़े

व्यापार मंडल जींद के प्रधान महाबीर कम्प्यूटर, महासचिव कृष्ण लखीना ने बताया की हमारे मंडल का प्रयास है कि शहर का हर छोटा बड़ा दुकानदार हमसे जुड़े जिससे यह संगठन इतना बड़ा बने जिससे प्रशासन और सरकार दुकानदारों को गंभीरता से लेने लगे और उसकी छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द निकल सके।




पेगां के छोटूराम वमावि के छात्र नवदीप सिंह को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व स्कूल संचालक।

### कुश्ती प्रतियोगिता में नवदीप ने पाया अव्वल स्थान

**अलेवा।** पेगां गांव के छोटूराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र नवदीप सिंह द्वारा नगूरां गांव के राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ब्लाक स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बलिंद्र नरवाल ने की तथा मुख्य रूप से स्कूल संचालक राजबीर बिढान तथा मनफूल ढांडा ने भाग लिया। इस दौरान विजेता छात्र को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य बलिंद्र नरवाल ने बताया कि नगूरां गांव के राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यलय में आयोजित ब्लाक स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में छोटूराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पेगां के छात्र नवदीप सिंह द्वारा 54 किलोग्राम भार वर्ग में कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल तथा गांव का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल के छात्रों ने सदैव सभी खेलों में बढचढ कर भाग लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

## डीएवी स्कूल में अन्न संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन

# उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

डीएवी स्कूल में वन अर्थ, वन फैमिली संस्था द्वारा उतना ही लो थाली में, व्यर्थ ना जाए नाली में अभियान के अंतर्गत अन्न संरक्षण एवं अन्न सम्मान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अन्न के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना था ताकि वे स्वयं भी अन्न की बर्बादी रोकें और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। संस्था के अध्यक्ष अश्वनी जिज्ञासु ने अपने संबोधन में कहा कि एक व्यक्ति औसतन वर्ष में लगभग 55 किलोग्राम अन्न बर्बाद कर देता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति केवल उतना ही भोजन ले, जितना वह खा सके तो करोड़ों लोगों तक भोजन पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अन्न केवल भोजन नही बल्कि किसान की मेहनत, प्रकृति का वरदान और ईश्वर का प्रसाद है। राष्ट्रीय अन्न संरक्षण जागरूकता अभियान का नेतृत्व कर रहे जुगल किशोर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शादी, पार्टी, भंडारे, विद्यालय एवं अन्य आयोजनों में उतना ही भोजन लें, जितना आवश्यक हो ताकि एक भी दाना व्यर्थ न जाए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अन्न संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। इस कार्यक्रम के सौजन्यकर्ता लायंस क्लब जींद सिटी रहे। क्लब द्वारा विद्यार्थियों के लिए अन्न संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लायंस क्लब जींद सिटी के चार्टर प्रेसिडेंट लायन सुरेश जिंदल, क्लब प्रेसिडेंट लायन विकास मित्तल, आईपीपी लायन मनीष सिंघल, सेक्रेटरी लायन हरि मोहन गर्ग, ट्रेजरर लायन नवीन गुप्ता, पूर्व क्लब प्रेसिडेंट वेदप्रकाश गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


**जुलाना।** आरोग्यम अस्पताल में पौधरोपण करते फाउंडेशन के सदस्य।

### 150 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**जुलाना।** आरोग्यम फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डा. हर्षिता अहलावत के 28वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के करीब 150 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में महंत भलेगिरी महाराज, योगी संजीव नाथ, हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया, समाजसेवी सुभाष ढिगाना, जयभगवान नंबरदार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। भलेगिरी महाराज ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर योगेश नांदल ने बताया कि डा. हर्षिता अहलावत के जन्मदिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य खुशी के अवसरों पर पौधे लगाना समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल है।

## ब्लॉक स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास व टीम भावना का होता है विकास

**खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही ने किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

खंड कैथल स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही ने किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन छात्राओं की एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न विद्यालयों की खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मामचंद, रमेश चहल ने मुख्य अतिथियों, कन्वीनर कुलदीप शर्मा तथा सभी अधिकारियों, निर्णायकों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का समापन जाट शिक्षा समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, रश्मि दुल तथा सन्नी चौशाला ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का समापन जाट शिक्षा समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, रश्मि दुल तथा सन्नी चौशाला ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर किया।



कैथल। खिलाड़ियों से रूबरू होते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि



कलायत। कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की विजेता खिलाड़ी अध्यापकों के साथ। फोटो : हरिभूमि



राजौंद। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

**14 वर्ष बालिका वर्ग**
100 मीटरः प्रथम – दीपांशी (लिटिल फ्लॉवर), द्वितीय – पूर्वी।
200 मीटरः प्रथम – मानवी (आर्यवर्त), द्वितीय – मनीष (राजकीय विद्यालय गुहना)।
400 मीटरः प्रथम – कुंजन (राजकीय कन्या विद्यालय देवबन), द्वितीय – ज्योति (मिडिल स्कूल खेड़ी)।
600 मीटरः प्रथम – कुंजन (राजकीय कन्या विद्यालय देवबन), द्वितीय – अश्वनी (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल)।
लंबी कूदः प्रथम – परनीत (देबन स्कूल), द्वितीय – माही (हिंदू गर्ल्स स्कूल, कैथल)।
ऊंची कूदः प्रथम – माही (हिंदू गर्ल्स स्कूल, कैथल), द्वितीय – तनिशा (एसबीएस सिसमोर)।

**17 वर्ष बालिका वर्ग**
100 मीटरः प्रथम – हरमन (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल), द्वितीय – किरण (सजुमा)।
200 मीटरः प्रथम – हरमन (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल), द्वितीय – किरण (सजुमा)।
400 मीटरः प्रथम – रीतिका (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल), द्वितीय – रमेश कौर (एमटीएम हरसोला)।
800 मीटरः प्रथम – नेहा (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल), द्वितीय – आशा (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सजुमा)।
4×100 मीटर रिलेः प्रथम – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल, द्वितीय – एमटीएम हरसोला।

**19 वर्ष बालिका वर्ग**
100 मीटरः प्रथम – पिंकी (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहना), द्वितीय – रीतिका (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़)।
200 मीटरः प्रथम – तन्नु (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नोच), द्वितीय – महक (आर्यन स्कूल)।

### रा. स्कूल कलायत की छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन

**कलायत।** कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य डा. रामगोपाल शर्मा ने बताया की प्रतियोगिता में विद्यालय की 7 टीमों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इनमें खो-खो (अंडर-14 एवं अंडर-17), वॉलीबॉल (अंडर-17), कबड्डी (अंडर-19), बैडमिंटन (अंडर-19), शतरंज (अंडर-14) व एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं शामिल रही। विद्यालय की कबड्डी, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन टीमों का चयन जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ। जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। प्रधानाचार्य डॉ.राम गोपाल शर्मा ने सभी प्रतिभागी छात्राओं एवं जिला स्तर के लिए चयनित टीमों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने एवं उनका मार्गदर्शन करने वाले शिक्षक वर्ग में शामिल रीना देवी, संदीप सिंह, धीर सिंह व विश्व प्रताप सिंह राणा के समर्पण- अथक प्रयासों की सराहना की।

### ब्लॉक स्तरीय कुश्ती में आदर्श स्कूल जाखौली का दबदबा

**राजौंद।** ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखौली के प्रतिभाशाली छात्र सौरभ (पुत्र राजेश शर्मा) ने 55 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है।प्रतियोगिता के दौरान सौरभ ने आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का बेहतरीन परिचय दिया। उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी यह जीत विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।विद्यालय में इस उपलब्धि को लेकर खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने सौरभ और उनके पिता राजेश शर्मा को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

### अंडर-17 योग में हाई स्कूल भाना प्रथम

**राजौंद।** खंड राजौंद की स्कूल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी सोहन पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरे दिन विभिन्न खेलों में विशेष रूप से लड़कियों की टीमों के मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे—अंडर-17 लड़कियों के योग मुकाबले में गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल भाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी अंडर-14 लड़कियों में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोगरी गुलियाना प्रथम तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कसान द्वितीय स्थान पर रहा।कबड्डी अंडर-17 लड़कियों में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कसान ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहेड़ा द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं कबड्डी अंडर-19 लड़कियों में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोगरी गुलियाना ने प्रथम तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कसान ने द्वितीय स्थान प्राप्त कियाखो-खो प्रतियोगिता में अंडर-14 लड़कों में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटड़ा प्रथम तथा एसडीएम स्कूल राजौंद द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर-17 लड़कियों में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटड़ा ने प्रथम और सरस्वती स्कूल रोहेड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी के साथ किठाना स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यवान, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहेड़ा के प्रधानाचार्य बलविंदर सिंह, स्टाफ सदस्य कुलदीप वर्मा, प्रदीप सहित खंड राजौंद के सभी स्कूलों के डीपीई, पीटीआई तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पौधरोपण के साथ देखभाल जरूरी

**कैथल।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने "एक पौधा मां के नाम" शिविर के तहत पौधारोपण किया । विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की 2 इकाई हैं। विद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आम, जामुन, पीपल ,नीम, बरगद, अशोक आदि के पेड़ लगाए। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि पौधे को रोपित करने से ज्यादा आवश्यक है कि उसकी उस समय तक देखभाल की जाए जब तक वह आत्मनिर्भर नहीं बन जाता। छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय प्रांगण में लगे कम से कम एक पौधे को गोद ले और जब तक उसकी पढ़ाई पूरी नहीं होती तब तक उसकी देखभाल करें।

### विश्व शांति की कामना को लेकर किया हवन

**कलायत।** विश्व एवं क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि को लेकर गुरुवार को कलायत में अनाज मंडी एसोसिएशन एवं समस्त मंडी वासियों के सहयोग से वार्षिक हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अनाज मंडी स्थित पीर बाबा धार्मिक स्थल पर हवन में आहुति डालते हुए कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उपरांत कन्याओं को भोजन करवाने की परंपरा का निर्वहन करने के बाद भंडारे का अटूट सिलसिला चला। वार्ड 15 से पार्षद प्रतिनिधि अनिल कांसल ने कहा कि लंबे समय से अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा धार्मिक कार्यक्रम उत्साह एवं उमंग के साथ आयोजित किया जाता है।



राजौंद। पौधारोपण करते खंड शिक्षा अधिकारी व विद्यालय स्टाफ।

### विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और देखभाल करने के लिए प्रेरित किया

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किठाना में आज "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी श्री संदीप नैन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय पहुंचकर पौधारोपण किया और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इको क्लब इंचार्ज अजीत सिंह व अन्य अध्यापकों ने विद्यार्थियों को पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेड़ न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस दौरान विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए और उन्हें अपने घरों व आसपास के क्षेत्र में पौधा रोपण करने के लिए प्रेरित किया गया।

# एसडीएम ने समस्याओं का निर्धारित समय में समाधान करने के दिए निर्देश

- समाधान शिविर में मनीष कुमार यादव ने सुनी आमजन की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने समाधान शिविर के दौरान आमजन की शिकायतें सूनी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से कई शिकायतों का निपटान करवाया। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से लंबित शिकायतों के बारे में पूर्ण फीडबैक ली। समाधान शिविर के दौरान जहां आमजन ने शहर में साफ-सफाई करवाने, शहर की कुछ सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने, बुढ़ापा पेंशन न लगने तथा खेतों के रास्तों का निर्माण करवाने की शिकायत एसडीएम को दी। वहीं कुछ लोगों ने गांवों मे गलियों के निर्माण करवाने, गांवो में अवैध कब्जे हटवाए जाने के साथ-साथ तालाबों तथा खेल स्टेडियम की साफ-सफाई करवाने की शिकायत एसडीएम को दी। एसडीएम ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुन संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। कुछ शिकायतों के संबंध में अधिकारियों को मौका निरीक्षण करने के निर्देश दिए।



गुहला-चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव लोगों की शिकायत सुनते हुए।

## न्यूज डायरी



### एसडीएम ने भागल के रा. स्कूल का किया निरीक्षण

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने वीरवार को भागल गांव के राजकीय वमावि का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शिक्षक उपस्थित मिलें। बच्चों के साथ संवाद कर उनको पढाएं जाने वाले प्रत्येक विषय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल प्रिंसिपल को लैब में समुचित सामान, शौचालयों में साफ-सफाई के अलावा स्कूल में बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने स्कूल प्रिंसिपल को निर्देश देते कहा कि स्कूल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बच्चों को दिए जाने वाले मिड-डे-मिल की समय-समय पर जांच की जाएं। इसके अलावा उन्होंने पीने के पानी की भी जांच की। एसडीएम ने स्कूल में बच्चों के साथ मिलकर स्वच्छ अभियान भी चलाया।



### पौधरोपण कर हरित पूंडरी का लिया संकल्प

**पूंडरी।** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से विधायक सतपाल जाम्बा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धेरडू, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ी साकरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साकरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौल में विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### स्वयंसेवकों ने लगाए छायादार और फलदार पौधे

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाकर स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने पौधारोपण कर किया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाने चाहिए। कहा कि पौधे केवल लगाने भर से काम नहीं चलता, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। यदि आज हम पर्यावरण के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

# पुलिस कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सामाजिक संस्था /"एक किरण उम्मीद की/" एवं टेली मानस के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को समर्पित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम /"हरियाणा पुलिस हमारी शान का आयोजन पुलिस लाइन, कैथल के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के सामने आने वाली शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों तथा उनके समाधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुशील प्रकाश (डीएसपी क्राइम) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस कर्मी समाज की सुरक्षा में दिन-रात कार्य करते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विनय गुप्ता, एम एंड ई ऑफिसर, जिला नागरिक अस्पताल, कैथल ने तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच, कार्य-जीवन संतुलन तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ पुलिस बल समाज को बेहतर सुरक्षा प्रदान कर सकता है।



कैथल। डीएसपी सुशील प्रकाश के साथ निधि मोहन व अन्य।



पूंडरी। मां बगलामुखी धाम में आचार्य राजीव कौशिक से प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### गुप्त नवरात्रि नवमी पर मां बगलामुखी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**पूंडरी।** चीमा कॉलोनी स्थित मां बगलामुखी धाम में गुप्त नवरात्रि की नवमी के पावन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां बगलामुखी के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। धाम के संचालक आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि गुप्त नवरात्रि का सनातन धर्म में अत्यंत विशेष महत्व है। इन 9 दिनों में शक्ति स्वरूपा देवी की आराधना और साधना करने से साधकों को कई गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि मां बगलामुखी की उपासना विशेष रूप से शत्रु बाधा, न्यायिक विवाद, रोग, भय, नकारात्मक शक्तियों तथा जीवन की विभिन्न कठिनाइयों से मुक्ति दिलाने वाली मानी जाती है। उन्होंने बताया कि मां बगलामुखी को दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या का स्वरूप माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार उनकी साधना से आत्मविश्वास, साहस, सकारात्मक ऊर्जा और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है।

### आरकेएसडी कॉलेज में नए प्रवेशार्थियों में उत्साह

**कैथल।** आरकेएसडी कालेज में नए शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। स्नातक प्रथम वर्ष की प्रथम मेरिट सूची जारी होते ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक महाविद्यालय परिसर में पहुंचने लगे। यद्यपि हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग (डी.जी.एच.ई.) के ऑनलाइन पोर्टल पर तकनीकी कारणों से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने में कुछ विलंब हुआ, फिर भी पोर्टल सुचारु रूप से संचालित होते ही महाविद्यालय में प्रवेशार्थियों की अच्छी-खासी उपस्थिति देखने को मिली। यदि तकनीकी बाधा न आती तो प्रातः 9 बजे से ही प्रवेशार्थियों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जातीं। पोर्टल प्रारंभ होने के बाद विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कीं। प्रथम दिन विभिन्न संकायों में कुल 84 विद्यार्थियों ने नए प्रवेश लिए। इनमें बी.ए. में 26, बी.कॉम. में 25, बी.सी.ए. में 8 तथा बी.एससी. में 24 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अनेक विद्यार्थी केवल प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, शुल्क, छात्रवृत्ति एवं अन्य आवश्यक जानकारियां प्राप्त करने के उद्देश्य से भी महाविद्यालय पहुंचे। प्रथम मेरिट सूची के विद्यार्थियों के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त तय की गई है। प्रवेश समिति का अनुमान है कि एक-दो दिनों में विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**Govt. Senior Secondary School (2290)**
**Sakra (Kaithal) Haryana**
**नीलामी सूचना**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साकरा में दिनांक 28.07.2026 दिन मंगलवार को विद्यालय परिसर में पांच जर्जर कमरे की नीलामी विद्यालय परिसर में सुबह 9 बजे की जाएगी। जमानत राशि रु. 20,000/- पहले जमा करवाई जाएगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।
विद्यालय मुखिया व (SMC) प्रधान
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साकरा
Sd/- Principal,
G.S.S.S., Sakra (2290), Kaithal

## हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी ने डीसी से की मुलाकात

# महिलाओं की सुरक्षा, सेवा और सम्मान प्रदान करना सबकी जिम्मेदारी

**नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सेवा और सम्मान प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में महिलाओं के उत्थान और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र महिलाओं को लाभ मिले और वे किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे।

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी वीरवार को कैथल पहुंची, जहां उन्होंने सबसे पहले लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में डीसी अपराजिता व पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह से बातचीत की। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई जा रही योजनाओं व कमेटियों के संदर्भ में फीडबैक ली। चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी ने कहा कि पॉक्सो एक्ट से संबंधित कमेटियों का गठन किया जाए। कमेटी के सदस्यों का प्रशिक्षण भी करवाया जाए। इसके अलावा अन्य उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं व समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की।





कैथल। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी नागरिक अस्पताल का दौरा करते तथा हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी कैथल की डीसी और एसपी बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में अधिकतर व्यवस्थाएं सही पाई

महिला आयोग की चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल में अधिकतर व्यवस्थाएं सही पाई गई, जिसके लिए नागरिक अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जो छोटी-मोटी कमियां हैं, उन्हें दुरूस्त करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

इसके बाद चेयरपर्सन उषा प्रियदर्शनी नागरिक अस्पताल में औचक निरीक्षण किया और अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले गायनी वार्ड का दौरा किया और कमरे के बाहर बैठी महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं की भीड़ को देखकर चेयरपर्सन ने मौके पर मौजूद डॉक्टरों से कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि यहां पर आज शिविर लगाया गया है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच हो रही है। उन्होंने सीएमओ व पीएमओ को गर्मी के दृष्टिगत कहा कि यहां पर अतिरिक्त पंखे लगाए जाएं और अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए।

खबर संक्षेप

### जुलाना की अनाज मंडी में अंत्योदय मेला 26 को

**जींद।** मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 26 जुलाई को जुलाना की नई अनाज मंडी में अंत्योदय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की सफल एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम होशियार सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### गौरव पब्लिक स्कूल की बेटियों ने जीते 4 स्वर्ण

**राजौंद।** गौरव पब्लिक स्कूल, रोहेड़ा की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा और अटूट जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुश्ती मुकाबलों के दौरान विद्यालय की होनहार बेटियों ने मैट पर अपना दबदबा बनाते हुए 4 स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

अंडर-14 बालिका वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में 30 किलोग्राम भार वर्ग में शिवानी (पुत्री श्री जयपाल), 33 किलोग्राम में खुशबू (पुत्री श्री कृष्ण), 36 किलोग्राम में नेहा (पुत्री श्री सत्यवान) तथा 42 किलोग्राम भार वर्ग में तनू (पुत्री श्री शिवकुमार) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस स्वर्णिम उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि "हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। इन्होंने अपने अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया है कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे हर ऊंचाई को छू सकती हैं।

### चाईनीज मांझा की बिक्री व खरीद पर प्रतिबंध

**कैथल।** जिलाधीश अपराजिता ने मानव जीवन, पक्षियों और पर्यावरण को होने वाले खतरे को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत चाइनीज मांझा (नायलॉन व सिंथेटिक डोर)के बिक्री, खरीद, भंडारण और उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाया है। इन आदेशों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों या निर्माताओं के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश मानव सुरक्षा, पक्षियों के संरक्षण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गए हैं।

### बडौदी में बनने वाले जल घर का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत तक पूरा

# जिले के लोगों को जल्द मिलेगा भाखड़ा नहर का पानी: डॉ. मिड्ढा

**डिप्टी स्पीकर ने सीएम घोषणाओं को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**



जींद। अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की घोषणाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। सीएम के नेतृत्व में जींद विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, सीवरेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, खेल, सिंचाई तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और विकास को नई दिशा मिलेगी। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को सीएम द्वारा घोषित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रत्येक घोषणा जनता से किया गया वादा है और इन घोषणाओं को धरातल पर उतारना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं की विभागवार प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं को गति दें ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

#### अधिकारी करें विकास कार्यों की मॉनिटरिंग

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा जिन परियोजनाओं में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा है, उनका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और प्रत्येक परियोजना निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी की जाएगी। डिप्टी स्पीकर ने नगर निकाय के अधिकारियों को कहा कि जींद शहरी क्षेत्र के आवासीय इलाके का दायरा बढ़ाने के लिए औपचारिकताएं पूरी कर मुख्यालय भिजवाया जाए ताकि कुछ अन अप्रूड कालोनियों को अप्रूड की मंजूरी मिल सके। उन्होंने मेडिकल कालेज में चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए वहां बिजली, सीवरेज व्यवस्थाए पीने का पानीए रास्ते तथा अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी ली।

#### अधिकारियों से भाखड़ा नहर के पानी की ली जानकारी

डिप्टी स्पीकर ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ भाखड़ा नहर से मिलने वाले पानी की विस्तृत जानकारी ली। जिस पर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बडौदी गांव में बनने वाला जल घर का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। प्रयास रहेगा कि यह कार्य निर्धारित समय से भी पहले पूरा कर लिया जाए। बैठक में डिप्टी स्पीकर ने शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में करवाए जाने वाले कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में शौचालयोंए पीने का शुद्ध पानी, बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं हर हाल में पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

#### रानी तालाब को बनाया जाएगा भव्य

सावन माह में शिव महिमा के गुणगान से सराबोर होगा रानी तालाब विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि भगवान शिव के पावन सावन माह के अवसर पर श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रानी तालाब परिसर को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। पूरे सावन माह के दौरान रानी तालाब को विशेष रूप से सजाया जाएगा ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु आध्यात्मिक वातावरण में पूजा, अर्चना, भजन, कीर्तन, शिव भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियांए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ तथा सामूहिक पूजा, अर्चना आयोजित की जाएगी। पूरे परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, रंग बिरंगी रोशनी, पुष्प सजावट और धार्मिक प्रतीकों से अलंकृत किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को दिव्य एवं आध्यात्मिक अनुभूति हो सके। इस अवसर पर डीसी डा. वैशाली शर्मा, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएमसी अनिल दून, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीआरओ राजकुमार सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




राजौंद। ग्रामीणों को जानकारी देते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

### बेटी बचाओ' बेटी पढ़ाओ अभियान पर कार्यक्रम

**राजौंद।** गांव मण्डवाल में सिविल सर्जन कैथल डॉ. रेणु चावला के निर्देशानुसार डॉ. संदीप सिंह की अध्यक्षता में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बेटियों के महत्व और घटते लिंग अनुपात के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि समाज में बेटियों की घटती संख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। यदि बेटियों की संख्या लगातार कम होती रही तो समाज में अपराध बढ़ने की आशंका है, जो देश व समाज की उन्नति में बाधक बनेगा। इस अवसर पर सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे कभी भी लिंग जांच नहीं करवाएंगे और न ही किसी अन्य को ऐसा करने देंगे। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को देने की अपील की गई। बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अनिता ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। आज बेटियां शिक्षा, खेल, राजनीति, प्रशासन, सेना और कृषि सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को शिक्षित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

## 12 घंटे में चोरों को पकड़कर पुलिस ने की 100 प्रतिशत बरामदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। एडीएसपी रमेश चंद्र को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए दुकानदार।

जिले में एंटी नारकोटिक सैल पुलिस टीम ने जनकपुरी कॉलोनी करनाल रोड़ कैथल पर ज्वेलर्स दुकान में हुई सोना चांदी आभूषण चोरी के मामले में टीम ने न केवल दो आरोपियों को काबू किया, बल्कि चोरी हुए सामान की 100 प्रतिशत रिकवरी कर पुलिस की ईमानदार छवि का उदाहरण पेश किया। इस उपलब्धि पर वीरवार को शिकायतकर्ता और अन्य दुकानदारों ने डीएसपी रमेश चंद्र तथा एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार सहित पुरी पुलिस टीम को सम्मानित कर आभार जताया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जनकपुरी कॉलोनी कैथल निवासी रवि वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 17 जुलाई की दोपहर वह अपनी करनाल रोड स्थित ज्वेलरी दुकान को शीशे के गेट पर ताला लगाकर गया था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने गेट का ताला तोड़कर दुकान में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ली। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने जांच की जिम्मेदारी एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार को सौंपी। उनके नेतृत्व में एचसी अनिल और सिपाही कैलाश, विकास की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 12 घंटे में आरोपी सत्यवान उर्फ भोला तथा उसके पुत्र रोहित उर्फ छोटू, दोनों निवासी गांव नरड़ को गिरफ्तार कर लिया।



जींद। घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक करते हुए रोडवेज कर्मचारी।

### रोडवेजकर्मी कल परिवहन मंत्री आवास अंबाला छावनी पर निकालेंगे न्याय मार्च

**जींद।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले 25 जुलाई को परिवहन मंत्री के आवास पर होने वाले न्याय मार्च की तैयारियों की समीक्षा के लिए वीरवार को रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा राज्य कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निशान सिंह ने की। राज्य महासचिव जयबीर घनघस और कार्यकारी राज्य प्रधान अनूप लाठर ने बताया कि हरियाणा सरकार लगातार रोडवेज विभाग की अनदेखी कर रही है। वर्षों से नियमित भर्ती नहीं होने के कारण चालक, परिचालक, मैकेनिक, हेल्पर, सफाई कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारियों के हजारों पद खाली पड़े हैं। इसका सीधा असर कर्मचारियों पर पड़ रहा है, जिन्हें अत्यधिक कार्यभार के बीच परिवहन सेवाएं संचालित करनी पड़ रही हैं। इससे कर्मचारियों पर मानसिक एवं शारीरिक दबाव बढ़ रहा है और यात्रियों को भी पर्याप्त परिवहन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। निशान सिंह ने कहा कि सरकार सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के बजाय महंगे ठेकों पर इलेक्ट्रिक बसें संचालित कर रही है। इन बसों में हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी रोडवेज बसों में दी जाने वाली विभिन्न रियायतें एवं निशुल्क यात्रा सुविधाएं लागू नही है। जिससे आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। महंगे अनुबंधों के कारण रोडवेज विभाग लगातार घाटा भी बढ़ रहा है। जबकि सरकारी बेड़े को मजबूत करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। अनूप लाठर ने आरोप लगाया कि सरकार बार-बार यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करती है, बैठकों में कर्मचारियों की अनेक मांगों को उचित भी माना जाता है लेकिन उन्हें लागू नहीं किया जाता। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## कौल में 16 लाख की लागत से नए ट्यूबवेल का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



ढांड। विधायक सतपाल जांबा नए ट्यूबवेल का शिलान्यास करते हुए।

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव कौल में जनहित से जुड़े विकास कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने रामलीला ग्राउंड में लगभग 16 लाख की लागत से बनने वाले नए ट्यूबवेल के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक सतपाल जांबा का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने शुभारंभ की परंपरा निभाते हुए एक नन्हे बच्चे के हाथों नारियल फुड़वाकर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ कराया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विधायक सतपाल जांबा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि नया ट्यूबवेल करीब एक हजार फीट गहराई तक स्थापित किया जाएगा। इसके निर्माण से गांव के लोगों को बेहतर एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा जलापूर्ति व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक मजबूत और प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है और इसी संकल्प के साथ विकास कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनहित से जुड़े विकास कार्य भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेंगे। इस अवसर पर सरपंच लाभ सिंह जांबा, सरपंच प्रतिनिधि नरेश कौल, पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ जगदीश, रामपाल सागवाल, कृष्ण कुमार, ईश्वर सिंह, महावीर सिंह, धोनी आदि रहे।

**एक सप्ताह के भीतर सफल बोलीदाता जमा करेंगे दस्तावेज व निर्धारित शुल्क**

## शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की बोली सफल, लंबे समय से खाली पड़ी दुकानों को मिलेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। नपा कार्यालय में बोली प्रक्रिया के दौरान उपस्थित बोलीदाता व व्यापारी।

नगर पालिका राजौंद के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों की बोली आखिरकार सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। लंबे समय से खाली पड़ी दुकानों को लेकर चल रही प्रक्रिया अब पूरी हो गई है, जिससे क्षेत्र के व्यापारिक गतिविधियों को नया बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। काफी समय से इन दुकानों के खाली पड़े रहने के कारण नगर पालिका को राजस्व हानि का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब दुकानों के आवंटन के साथ ही आय में वृद्धि होगी और स्थानीय व्यापारियों को भी बेहतर अवसर मिलेंगे। बोली प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता बनाए रखते हुए इच्छुक बोलीदाताओं की मौजूदगी में कार्यवाही पूरी की गई। बता दें कि नगर पालिका राजौंद के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 32 दुकानों के लिए बोली प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इनमें से 27 दुकानों की बोली सफल रही, जबकि 5 दुकानें शेष रह गई है । बोली प्रक्रिया दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई जो 2:30 बजे तक चली। इसमें क्षेत्र के अनेक व्यापारियों एवं इच्छुक बोलीदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरी प्रक्रिया नगर पालिका अधिकारियों की निगरानी में पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुसार सम्पन्न कराई गई। नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी 32 दुकानों के लिए बोली आमंत्रित की गई थी, जिनमें से 27 दुकानों की बोली सफल रही। शेष 5 दुकानों व बेसमेंट की बोली भविष्य में पुनः आयोजित की जाएगी।नपा सचिव ने बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं का आभार जताया।

खबर संक्षेप



गुहला-चीका। इंदिरा कॉलोनी में अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर मौके का निरीक्षण करते एसडीएम मनीष कुमार यादव।

### एसडीएम ने अवैध शराब की दुकान पर लगाया ताला

**गुहला-चीका।** इंदिरा कॉलोनी वार्ड न 6 चीका में आमजन की शिकायत पर एसडीएम मनीष कुमार यादव ने अवैध रूप से शराब बेचने की शिकायत पर मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकान को ताला लगवा दिया गया। साथ ही मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि फरार शराब विक्रेता के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित कर उसे पुलिस के हवाले किया जाए।

एसडीएम की इस कार्रवाई से इंदिरा कॉलोनी और आसपास के लोगों ने खुशी जताई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी में शाम के समय शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता था, जिससे महिलाओं, बच्चों और आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। लोगों ने प्रशासन से अवैध शराब की बिक्री पर लगातार निगरानी रखने और ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।



नरवाना। विजयी छात्रों के साथ कोच। फोटो : हरिभूमि

### खंड स्तरीय खेलों में छाए डीबीके स्कूल के विद्यार्थी

**नरवाना।** डीबीके पब्लिक स्कूल नरवाना के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की अंडर-14 बालक फुटबॉल टीम तथा अंडर-14 बालिका बैडमिंटन टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया है। इसके अतिरिक्त अंडर-17 बालक वर्ग में लक्ष्य का चयन शॉट पुट तथा अंडर-14 बालक वर्ग में तनिष का चयन शतरंज प्रतियोगिता के जिला स्तर के लिए हुआ है। वहीं विद्यालय की पांच छात्राओं भूमिका, मिताक्षी, जैसिका, सृष्टि, आराध्या भोसले का चयन जिला क्रिकेट टीम में भी हुआ है। इसके अलावा हाई जंप में साँची ने अंडर-17 वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया है। इसके अलावा विद्यालय के अनेक खिलाडियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रत्यक्ष प्रवेश प्राप्त हुआ है। इनमें बालिका वर्ग में तैराकी, स्केटिंग एवं योग तथा बालक वर्ग में स्केटिंग, योग, तीरंदाजी एवं मुक्केबाजी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।



जींद। आईटीआई में दाखिला लेने आए छात्र।

### आईटीआई में 216 विद्यार्थियों ने लिया दाखिला

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी है। संस्थान में प्रथम मेरिट सूची के आधार पर अब तक 216 विद्यार्थियों ने अपना दाखिला सुनिश्चित कर लिया है। जबकि 592 सीटें अभी रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विभाग द्वारा दूसरी मेरिट सूची 28 जुलाई को जारी की जाएगी। संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने बताया जिन अभ्यर्थियों का चयन प्रथम मेरिट सूची में नहीं हो सका है, वे 23 जुलाई को जारी रिक्त सीटों की सूची के अनुसार 26 जुलाई तक अपनी ट्रेड (व्यवसाय) प्राथमिकता में संशोधन कर सकते हैं। इसके बाद 28 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची प्रकाशित की जाएगी। दूसरी सूची में चयनित अभ्यर्थी 31 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन तथा एक अगस्त तक फीस जमा करवा सकेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों को मोबाइल संदेश एवं फोन कॉल के माध्यम से भी समय-समय पर आवश्यक जानकारी दी जा रही है। उन्होंने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी करें ताकि प्रवेश में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में विद्यार्थियों का उत्साह उल्लेखनीय है जो कौशल आधारित शिक्षा के प्रति युवाओं के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।



राजौंद। ।गांव किठाना की विजेता टीम ।

### पब्लिक स्कूल किठाना के छात्र खेलों में छाए

**राजौंद।** अमर पब्लिक स्कूल किठाना के छात्र-छात्राओं ने ब्लॉक स्तरीय अडर-14 व अंडर-17 खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर कई पदक अपने नाम किए।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीत ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा 200 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया। दक्ष ने 600 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि हुनर ने 600 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। शिवम ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतीक ने 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। यश ने शॉट पुट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिशा ने 400 मीटर में द्वितीय, लंबी कूद में प्रथम और 600 मीटर में प्रथम स्थान हासिल कर बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। मन्नत ने 100 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि यशमीन ने 600 मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया। इशिका ने शॉट पुट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




कैथल। माइ भारत क्विज के प्रथम चरण का परिणाम घोषित करते असीम कोहली व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### माइ भारत क्विज' के पहले चरण का रिजल्ट घोषित

**कैथल।** ऑपरेशन सिंदूर के उपलक्ष्य में सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'माइ भारत क्विज' के प्रथम चरण का परिणाम घोषित कर दिया गया। कैथल और सीवन ब्लॉक के 100 विद्यालयों में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 3,000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 300 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अगले चरण के लिए स्थान बनाया है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत्त), सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह, सांसद कार्यालय के कैथल प्रभारी रविन्द्र धीमान और शिक्षा विभाग कार्यालय के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से परिणाम घोषित करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने कहा कि 'माइ भारत क्विज' विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना विकसित करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले चरण में भी विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।